आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-282 ● कटनी ● गुरुवार, 18 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक शुक्ल पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## नाना पाटेकर, माला सिन्हा का होगा खास सम्मान

मुंबई। मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान की तरफ से दिए जाने वाले मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। कोरोना संक्रमण के चलते लगातार दो साल से स्थगित हो रहे इन पुरस्कारों का आयोजन इस साल 24 नवंबर को होने जा रहा है। इस बार इस पुरस्कार को पाने वालों में संगीतकार प्यारेलाल, अभिनेत्री माला सिन्हा, शिवसेना नेता संजय राऊत, अभिनेता नाना पाटेकर, गायिका उषा मंगेशकर आदि को चुना गया है। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए एक विशेष संगीयमयी शाम का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें गायक राहुल देशपांडे अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

# अपराध के लिए स्किन टू स्किन टच जरूरी नहीं

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है जिसमें कहा गया था कि स्किन टू स्किन के संपर्क के बिना नाबालिग के स्तन को छूना यौन उत्पीड़न के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि गलत मंशा से किसी भी तरह से शरीर के सेक्सुअल हिस्से का स्पर्श करना पॉक्सो एक्ट का मामला माना जाएगा। अदालत ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि कपड़े के ऊपर से बच्चे का स्पर्श यौन शोषण नहीं है। ऐसी परिभाषा बच्चों को शोषण से बचाने के लिए बने पॉक्सो एक्ट के मकसद ही खत्म कर देगी। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट से बरी हुए आरोपी को दोषी ठहराया। आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत तीन साल की सजा का ऐलान किया गया।

### पॉक्सो एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला



### क्या था मामला

दरअसल, बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया गया था कि नाबालिग के निजी अंगों को स्किन टू स्किन संपर्क के बिना छूना या टटोलना पॉक्सो एक्ट के तहत नहीं आता। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उच्च न्यायालय ने अब हाईकोर्ट के इस फैसले को बदलते हुए बड़ा फैसला सुनाया।

# गूगल ने लांच किया YouTube Shorts

**टेक डेस्क।** गूगल ने अपने शॉट वीडियो प्लेटफार्म को लॉन्च करने की घोषणा कर दी है। आज 2021 वर्चुअल कार्यक्रम में गूगल ने इस बारे में घोषणा की है। वीडियो के अलावा भी आज इस कार्यक्रम ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के बारे में जानकारी दी। आज हर कोई गूगल के ऑनलाइन प्लेटफार्म यूट्यूब के बारे में जानता है, जहां यूजर्स अपने वीडियो शेयर भी कर सकते हैं और देख भी सकते हैं लेकिन अब गूगल ने YouTube Shorts प्लेटफॉर्म भी लॉन्च कर दिया है, यहां यूजर्स YouTube Shorts की मदद से छोटे वीडियो बना सकते हैं। इसके अलावा इन वीडियो को ऑनलाइन एडिट करने के साथ ही शेयर कर सकते हैं। यहां यूजर्स मनोरंजक, ज्ञानवर्धक शॉर्ट वीडियो बना सकते हैं। YouTube Shorts एक ऐसा ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जहां यूजर छोटे वीडियो को शूट करके शेयर कर सकते हैं। ये YouTube Shorts तत्काल तैयार किए जा सकते हैं और ये ज्यादा से ज्यादा 60 सेकंड के या उससे भी कम समय के हो सकते हैं। आजकल Shorts वीडियो देखना पसंद किया जा रहा है। आप नए ट्रेंड, डांस चैलेंज, फनी वीडियो आदि तैयार कर सकते हैं।

## फटाफट खबरें

### धमतरी में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 3 युवकों की मौत

**धमतरी।** धमतरी नगरी स्टेट हाईवे केरेगांव थाना से पास अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को ठोकर मार दी। दुर्घटना में तीनों युवकों की मौत हो गई इससे ग्राम कल्लेमेटा में शोक की लहर है। केरेगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कल्लेमेटा निवासी अमृत कुमार पुत्र डोमार,रामप्रकाश पुत्र दशरथ और भुनेश्वर ध्रुव पुत्र सहदेव ध्रुव बाइक से 17 नवंबर की रात बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। केरेगांव पुलिस थाना से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। दुर्घटना के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर गए।

### मौसम ने ली करवट इंदौर-उज्जैन में बादल के साथ बारिश के आसार

**भोपाल।** हवाओं के साथ नमी आने के कारण वातावरण में नमी बढ़ गई है। इसके चलते बादल छा गए हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार-शुक्रवार को इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, होशंगाबाद, सागर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है। राजधानी भोपाल में बूंदाबांदी होने के आसार हैं। दरअसल बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कम दबाव के क्षेत्र बने हुए हैं। अरब सागर से गुजरात तक एक ट्रफ बना हुआ है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ और उसके आसपास एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। गुरुवार को एक पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर भारत में प्रवेश करने जा रहा है। इसके असर से हवाओं का रुख बदल गया है। इससे नमी आने लगी है। बादलों के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी भी होने लगी है।

### 5 शिक्षकों को 4-4 साल की जेल, नौकरी के लिए फर्जी मार्कशीट लगाई थी

**भोपाल।** सरकारी नौकरी के लिए फर्जी दस्तावेज के एक मामले में मध्य प्रदेश के गुना जिले में 5 शिक्षकों को 4-4 साल जेल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट में प्रमाणित हुआ कि इन सभी ने साल 2013 में फर्जी मार्कशीट के आधार पर संविदा शिक्षक की नौकरी प्राप्त कर ली थी। नौकरी के लिए आवेदन करने वाले इमरत सिंह, सुनील उर्फ सोनू, विशाल, सुदामा किरार एवं विजय सिंह अहिरवार की डीएड/डीपीआईपी की अंकसूचियां फर्जी पाई गईं। उनमें कूट रचना की गई है।

# जारी है नवाब और समीर के बीच शह-मात का खेल

**मुंबई।** मुंबई में क्रूज ड्रग्स पार्टी को लेकर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक ने गुरुवार को एक नया खुलासा किया। एनसीपी नेता मलिक ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े का धर्म बताने के लिए स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट जारी कर दिया। मलिक ने इस सर्टिफिकेट को जारी कर वानखेड़े पर मुस्लिम होने का आरोप लगाया। मलिक ने दो सर्टिफिकेट को पेश किया है, जो सेंट जोसेफ हाई स्कूल और सेंट पॉल हाई स्कूल का लिविंग सर्टिफिकेट है। यह दोनों सर्टिफिकेट समीर वानखेडे के हैं, जिनमें उनका पूरा नाम समीर दाऊद वानखेड़े लिखा है। इसके अलावा मलिक ने वानखेड़े पर जाली नोट नेटवर्क के भी आरोप लगाए हैं। सके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होने लिखा, सच का आइना जमाने को दिखाते जाएंगे झूठ की सारी दीवारों को गिराते जाएंगे।बीते मंगलवार को नवाब मलिक ने कहा कि एनसीबी क्रूज पार्टी के आयोजक काशिफ खान को बचाने की कोशिश कर रही है। मलिक ने पूछा है कि मुंबई एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े और काफिश खान के बीच क्या संबंध हैं? मलिक ने मंगलवार को कहा कि वो यह जानना चाहते हैं कि आयोजकों में से एक काशिफ खान को क्यों बचा रही हैं? उन्होंने पूछा कि ड्रग एजेंसी के अधिकारी समीर वानखेड़े के साथ काशिफ के क्या संबंध थे?

## राजधानी भोपाल के जेपी अस्पताल का मामला

# कोरोना संक्रमित डाक्टर के संपर्क में आई 150 से ज्यादा गर्भवती

**भोपाल।** राजधानी के जेपी अस्पताल में सोनोग्राफी करने वाले एक डाक्टर के मंगलवार को कोरोना से संक्रमित पाए जाने की पुष्टि के बाद कई गर्भवती महिलाओं के संक्रमित होने का खतरा बढ़ गया है। इसकी वजह यह कि संक्रमण की चपेट में आए डाक्टर ने बीते शनिवार तक हर दिन करीब 150 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की। जिले में आधी से ज्यादा गर्भवती को टीका नहीं लगा है। जिन्हें लगा है उनमें भी आधी को सिर्फ पहली डोज लगी है। गर्भवती महिलाओं की प्रतिरोधक क्षमता वैसे भी कमजोर रहती है। ऐसे में उनके संक्रमित होने और हालत बिगड़ने का खतरा है। अब जेपी अस्पताल की तरफ से गर्भवती महिलाओं को फोन कर कोरोना की जांच कराने की सलाह दी जा रही है। गौरतलब है कि जेपी अस्पताल में पदस्थ उक्त डॉक्टर की पत्नी की भी कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल डॉक्टर दंपती को एम्स में भर्ती किया गया है, जहां उनकी हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है। यह भी पता चला है कि डॉक्टर और उनकी पत्नी को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं।

### भोपाल में चार व इंदौर में एक मरीज मिला

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को प्रदेश में कोरोना के पांच मरीज मिले हैं। इनमें चार भोपाल के हैं और एक इंदौर का है। कुल 52,695 सैंपल की जांच में यह मरीज मिले हैं। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 77 है। इससे एक दिन पहले प्रदेश में कोरोना के चार नए मरीजों की पहचान हुई थी। इनमें तीन भोपाल के और इंदौर का एक मरीज था।

### तय समय पर ऑफलाइन होंगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने छह छात्रों द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया है। सीबीएसई और काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन को हाइब्रिड मोड में टर्म 1 परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने अधिवक्ता संजय हेगड़े के माध्यम से दायर याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस तरह के विलंबित स्तर पर इस पर विचार नहीं किया जा सकता है। सीबीएसई टर्म 1 की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और सीआईएससीई की परीक्षाएं अगले सप्ताह शुरू होंगी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ताओं को आखिरी मिनट में रुकावट के खिलाफ चेतावनी दी कहा कि खिलवाड़ मत करो।

### पेटीएम की लिस्टिंग ने निवेशकों को दिया झटका

**मुंबई।** दिग्गज फिनटेक पेटीएम के शेयर आज गिरावट के साथ लिस्ट हुआ। बीएसई पर इसके शेयर 1950 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए थे जो 2150 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले करीब 9ण07 फीसदी डिस्काउंट पर है। लिस्टिंग के समय इसका मार्केट कैप 126737.50 करोड़ रुपये रहा। इसका आईपीओ देश में अब तक का सबसे बड़ा थाए लेकिन निवेशकों की प्रतिक्रिया फीकी रही और यह आखिरी दिन ही पूरी तरह सब्सक्राइब हो सका। अब तक इसका शेयर 15 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है इससे निवेशकों को बड़ा झटका लगा है।

# गलत हाथों में न पहुंच जाए क्रिप्टोकरेंसी

**नई दिल्ली।** आज सिडनी डायलॉग के दौरान संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सभी देशों को आगाह करते हुए कहा कि हमें मिलकर इस बात पर ध्यान देना होगा कि यह डिजिटल मुद्रा गलत हाथों में न चली जाए। प्रधानमंत्री ने सभी देशों से यह सुनिश्चित करने के लिए क्रिप्टोकरेंसी पर मिलकर काम करने का आग्रह किया। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने सिडनी डायलॉग को संबोधित किया। पीएम मोदी ने बिटक्वाइन का उदाहरण देते हुए कहा कि क्रिप्टोकरेंसी जैसे तकनीकी नवाचारों का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि बिटकॉइन जैसी डिजिटल मुद्रा कहीं गलत हाथों में न चली जाए, जो हमारे युवाओं को खराब कर सकता है। प्रौद्योगिकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का एक प्रमुख साधन बन गई है और भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने की कुंजी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी और डेटा नए हथियार बन रहे हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत खुलापन है। हमें निहित स्वार्थों को इस खुलेपन का दुरुपयोग नहीं करने देना चाहिए। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर जोर-शोर से विचार-विमर्श चल रहा है। एक तरफ जहां आरबीआई गवर्नर ने इसे एक बड़ा खतरा करार दिया है, तो दूसरी ओर हाल ही में संसदीय पैनल की बैठक के दौरान कहा चर्चा में कहा गया कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है और अगला कदम इसे विनियमित करने के तरीके खोजने का होना चाहिए।

### कंगना रनौत की गांधी पर टिप्पणी से भड़की शिवसेना

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले कंगना रणौत ने महात्मा गांधी को सत्ता का लालची बताया था। अब शिवसेना सांसद कृपाल तुमाने ने कंगना रणौत पर निशाना साधा है। कृपाल तुमाने का कहना है कि गांधी जी अगर सत्ता के लालची होते तो उस समय प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति सब कुछ बन सकते थे। कंगना रणौत को क्या करके पद्म श्री मिला, किसके पांव चाटने से ये दिल्ली के सभी सांसद, विधायक बहुत अच्छे से जानते हैं। बता दें, हाल ही में कंगना रणौत ने एक पोस्ट लिखकर गांधी जी पर हमला बोला था। कंगना ने लिखा था- अगर तुम्हारे कोई एक गाल पर थप्पड़ मार दे तो दूसरा गाल आगे करने से आजादी नहीं मिलती है। जो स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे थे उन्हें तो लोगों ने अपने मालिकों को सौंप दिया, क्योंकि उनमें न तो हिम्मत थी और न ही खून में उबाल।

# रामदेव की तस्वीर लगाकर बेचीं नकली दवाएं

**आगरा ।** आगरा में सिकंदरा के नीरव निकुंज में पकड़े गए कॉल सेंटर से दो साल में करोड़ों की शक्तिवर्धक दवाएं बेची गई थीं। हाथरस की फॉर्मा फर्म से आरोपी दवाओं को लेकर आते थे। ऑनलाइन विज्ञापन में बाबा रामदेव की फोटो का प्रयोग करते थे। पुलिस कॉल सेंटर संचालक सहित अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### दो कर्मचारी किए थे गिरफ्तार

हरिद्वार पुलिस ने 12 नवंबर को कॉल सेंटर पर दबिश दी थी। दो कर्मचारी आकाश शर्मा और सतीश कुमार को गिरफ्तार किया था। लाखों की दवाएं जब्त की गई थीं। इन दवाओं को शक्तिवर्धक बताया जाता था। आरोपियों से पूछताछ में पता चला था कि कॉल सेंटर दो साल से चल रहा है। ऑनलाइन और पोर्न साइट पर दवाओं का प्रचार किया जाता था। थाना सिकंदरा के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि जिला के आयुर्वेदिक डॉक्टर जेके राणा ने सैंपल लिया था। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी हाथरस की कंपनी से दवाएं लेकर आते थे। इनका दाम भी ज्यादा नहीं होता है। कंपनी से पूछताछ में यह पुष्टि हो गई। उनसे अपने लाइसेंस की कॉपी देने के लिए कहा है।

### कैदी की मौत के बाद स्वजनों ने लगाया जाम

**मुरैना।** सबलगढ़ की जेल में बंद कैदी की मौत पर गुस्साए स्वजनों ने सबलगढ़ में एमएस रोड पर जाम लगा दिया है। हंगामे की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। स्वजनों को समझाबुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वजन जेल स्टाफ के ऊपर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। गौरतलब है, कि हत्या के प्रयास में जेल में बंद कैदी खोह गांव निवासी 40 वर्षीय जगमोहन रावत की बीते रोज इलाज के दौरान ग्वालियर के अस्पताल में मौत हो गई। जेल प्रबंधन का कहना है कि 10 नवंबर से कैदी की तबियत खराब थी, उसे सांस लेने में तकलीफ थी।

### बिजली के बकाया बिलों को माफ करने के नाम पर नई बोतल में पुरानी शराब

**भोपाल।** बिजली के बकाया बिलों को माफ करने के नाम पर नई बोतल में पुरानी शराब ही परोसी है। सरकार ने नौ नवंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में बिल माफ करने का निर्णय लिया था। समाधान योजना का ब्यौरा अब प्रदेश की वितरण कंपनियों को भेज दिया गया है। ब्यौरे से साफ हो गया है कि बीते साल लाकडाउन के दौरान बिजली के बकाया में जो राहत की घोषणा की गई थी उसे ही अब माफ करने का निर्णय लिया गया है। इस राहत को हासिल करने के लिए भी बिजली उपभोक्ताओं को अलग से आवेदन करना होगा। कोरोना की पहली लहर के दौरान साल 2020 में सख्त लाकडाउन हुआ था। इसी दौरान खराब आर्थिक हालातों से परेशान लोग बिजली का बिल जमा नहीं कर सके थे। तब आदेश जारी कर बिजली कंपनियों द्वारा पुराने बिलों के बकाया की वसूली पर रोक लगा दी थी। अब सामाधान योजना के तहत सरकार ने पहले स्थगित की गई उस बकाया राशि में ही राहत का ऐलान किया है। मतलअ 31 अगस्त 2020 के बाद का कोई भी बिजली बिल बकाया है तो उन्हें समाधान योजना के तहत उस राशि में किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी।

# कल कार्तिक पूर्णिमा पर लगेगा आंशिक चंद्रग्रहण

**उज्जैन।** 19 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को लगने वाला आंशिक चंद्र ग्रहण है। पिछले कुछ वर्षों में सबसे लम्बी अवधि का चंद्र ग्रहण है। जिसके कारण खगोलविदों के साथ-साथ ज्योतिषाचार्य में में इसको लेकर विशेष उत्सुकता है। यह चंद्र ग्रहण भारतीय समयानुसार 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होकर दोपहर 3 बजकर 7 मिनट तक रहेगा। लगभग 4 घंटे तक रहने वाला यह आंशिक चंद्र ग्रहण पश्चिम अफ्रीका, पश्चिम यूरोप, उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा। भारत में यह केवल अरुणाचल प्रदेश और असम में कुछ समय के लिए ही दिखाई देगा। शुक्रवार को पड़ रहे इस ग्रहण के समय कृतिका नक्षत्र में चन्द्रमा वृष राशि में होंगे। वराहमिहिर रचित बृहत् संहिता के अनुसार वृषभ राशि में पड़ने वाले ग्रहण के कारण दूध का व्यवसाय करने वालों, पशु पालकों, पशुओं का व्यापर करने वालों, महत्वपूर्ण लोगों तथा विशिष्ट लोगों के लिए कष्टकारी हो सकता है। इस चंद्र ग्रहण के कुछ दिनों के भीतर दूध की कीमत में वृद्धि हो सकती है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार ग्रहण के समय सूर्य और चंद्रमा राहु केतु के अक्ष में क्रमश: वृश्चिक और वृष राशी में हैं। वृषभ राशि से प्रभावित बिहार और झारखंड में आसामान्य वर्षा से जान-माल की हानि हो सकती है। राजनीतिक मामलों में भी उथल-पुथल की स्थिति हो सकती है। चंद्र ग्रहण की कुंडली में जल तत्व की राशि मीन लग्न उदय हो रहा है तथा सूर्य और चंद्र दोनों जल तत्त्व की राशिओं के नवांश में सिथत रहेंगे। जिससे पहाड़ों पर भारी बर्फ पड़ने तथा दक्षिण भारत में भारी वर्षा से मौसम में बड़े बदलाव होंगे। ग्रहण के तुरंत बाद उत्तर भारत में शीत लहर तथा दक्षिण भारत में भारी वर्षा से जन-जीवन प्रभावित होगा और ठंड बढ़ेगी।

### गांजा सप्लाई मामले में अमेजन पर होगी कार्रवाई वीरदास का एमपी में कार्यक्रम नहीं होने देगी सरकार

**भोपाल।** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भिंड में अमेजन के जरिए गांजा सप्लाई मामले में जांच जारी है। अमेजन के अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे हैं। उनसे निवेदन है कि सहयोग करें। वरना उन्हें भी हम पकड़कर लाएंगे और उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। पिछले दिनों भिंड पुलिस ने कड़ी पत्ते की आड़ में अमेजन पर गांजे की तस्करी का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने 20 किलो गांजा सहित अमेजन की पैकिंग के डिब्बे, रैपर, बारकोड टैगिंग आदि सामान भी जब्त किया है। उधर वीर दास की कविता से उठे विवाद पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि कॉमेडियन वीर दास जैसे विदुषक लोग दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश करते है। वीर दास जब तक अपने बयान के लिए आधिकारिक तौर पर खेद नहीं जताते, तब तक मध्यप्रदेश में उनके कार्यक्रम नहीं होने दिए जाएंगे।

# महिलाओं ने बनाई रंगोली स्वाजातीय बंधुओं की मिली सराहना

## ताम्रकार समाज ने धूमधाम से मनाई सहत्रबाहु जयंती

**कटनी।** हैहयवंश शिरोमणि दत्तात्रेय भगवान के परमप्रिय सेवक चक्रवर्ती सम्राट राजराजेश्वर कार्तवीर्य अर्जुन के जन्मोत्सव पर्व पर हैहयवंशी क्षत्रिय ताम्रकार समाज द्वारा सहत्रबाहु जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। रविवार को कटायेघाट में आयोजित सहत्रबाहु जन्मोत्सव विधि विधान से पूजा अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह के अंतर्गत सर्वप्रथम श्री राजराजेश्वर सहत्रबाहु जी महाराज एवं मां दुर्गा का आव्हान करते हुए विधिविधान से समाज के स्वजातीय बंधुओं, वरिष्ठ जनों व महिलाओं द्वारा पूजन अर्चन किया जाकर प्रसाद वितरण किया गया, इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली बच्चों व महिलाओं ने अपनी कला-

कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने रंगोली, पूजा थाली डेकोरेशन, मेहंदी, ड्राइंग, मटकी श्रृंगार, नृत्य व गायन जैसी विधाओं में भाग लिया, जिसे देखकर बड़ी संख्या में उपस्थित स्वजातीय महिलाओं बच्चों युवाओं एवं बुजुर्गों ने भरपूर आंनद लिया और जमकर सराहा। ताम्रकार समाज के अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रोत्साहन स्वरूप स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गए। सहत्रबाहु जन्मोत्सव समारोह के द्वितीय चरण में स्वजातीय जनों के लिए वनभोज का आयोजन भी रखा गया था, जिसे उपस्थित लोंगो ने भोजन प्रसादी के रूप में ग्रहण किया। आयोजन में कटनी ताम्रकार समाज के साथ ताम्रकार नवयुवक मंडल व ताम्रकार महिला मंडल की भी सहभागिता रही।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर फूलचंद कसेरा, सुरेश चंद ताम्रकार, कैलाश वर्मा बरही, कृष्ण कुमार ताम्रकार, निर्मल ताम्रकार, डॉ यशवंत वर्मा, विनोद ताम्रकार, विजय ताम्रकार, ओमप्रकाश ताम्रकार, विजय वर्मा, अभिषेक ताम्रकार, अमर ताम्रकार, अनिल ताम्रकार, धर्मेन्द्र ताम्रकार पटवारी, सुमंत ताम्रकार बालाघाट, कौशल किशोर ताम्रकार, दिनेश ताम्रकार, आकाश ताम्रकार, कपिल ताम्रकार, नंदलाल ताम्रकार पटवारी, राजेन्द्र ताम्रकार, रामकुमार ताम्रकार, नरेश कुमार ताम्रकार, अभिषेक, नीलेश ताम्रकार, अजय ताम्रकार, संजय ताम्रकार, मौसम ताम्रकार, आशीष ताम्रकार, विपिन ताम्रकार, सुनील ताम्रकार, सागर ताम्रकार, मदनलाल ताम्रकार, शरद वर्मा, महादेव ताम्रकार व महिलाओं व बच्चों की उपस्थिति रही।

## अभिनेत्री को पद्मश्री देने पर इंटक परिषद ने उठाए सवाल

**कटनी।** जिला इंटक परिषद के अध्यक्ष बीएम तिवारी ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। ऐसी कौन सी कीमत थी जिसके कारण उसे उपकृत किया गया है ऐसा कौन सा कर्ज था उनके उपकार का की इतने बड़े सम्मान से नवाजा गया, देश का यह सम्मान पत्र एक ऐसी महिला को दिया गया जिसने भारत की आजादी पर भी सवाल खड़ा कर दिया। परतंत्रता की उन बेडियों को काटने के लिये जिन शहीदों ने अपना सब कुछ गंवा दिया, जलियावाला बाग और शहीद भगतसिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मागांधी जैसे महान विभूतियों पर ही सवाल उठाने वाली इस महिला से यह सम्मान छीन लेना चाहिए। लेकिन अपनी प्रशंसा गीत में 2014 की आजादी का जिक्र सुनकर यह सरकार शायद ही अपमान का बदला ले पायें। लेकिन भारत का हर नागरिक उसके बयान से आहत है। हम अपने संगठन की ईकाई में एक निन्दा प्रस्ताव पारित कर शहीदों के आत्म सम्मान की रक्षा के लिए कंगना रनौत के बयानों की भर्त्सना करते है।

## बाबाघाट हनुमान मंदिर में विराट दीप महोत्सव कल

**कटनी।** कल 19 नवम्बर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के पावन अवसर पर प्रति वर्ष की तरह इस बार भी गायत्री परिवार एवं बाबा घाट हनुमान मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में विराट दीप यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बाबा घाट हनुमान मंदिर के पुजारी प सतीश मिश्रा ने उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि दीप यज्ञ महोत्सव के तहत मंदिर में सुबह 10 से संकट मोचन श्री हनुमान जी का महाभिषेक, पूजन, हवन आदि होगा। शाम 4 बजे से 6 बजे तक गायत्री महामंत्र का सामूहिक पाठ और शाम साढ़े 6 बजे से दीप प्रज्वलनए महाआरती व प्रसाद वितरण होगा। इस बार सवा लाख दीप प्रज्वलित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के प्रधान पुजारी आनंद महाराज, जालपा मढिया के प्रमुख पंडा लालजीएमधई मंदिर के पुजारी रामकृष्णचर्य सहित धर्म जगत की अनेक विभूतियां शामिल होंगी। हनुमान मंदिर के पुजारी प सतीश मिश्रा, ट्रस्ट कमेटी के संजय जायसवाल, सुबोध अग्रवाल, राजू बरसैयां, दीपक पाठक, सुशील बरसैयां, कमल सखतेल, किशन वर्मा, केवल जसूजा, राजू गुरु, रवि शाह, विनय दीक्षित, व्यंकटेश मिश्रा आदि ने सभी श्रद्धालुओं से 11 -11 दीपक लेकर मंदिर पहुंचने एवं दीप यज्ञ महितसव में शामिल होने का आग्रह किया है।

## बदइंतजामी का दूसरा नाम प्रियदर्शिनी बस स्टैंड

**कटनी।** कटनी का मौजूदा बस स्टैंड लगभग 25 एकड़ जमीन पर कोई चार दशक पहले बसाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी के नाम पर इसका नाम बाद में प्रियदर्शिनी बस स्टैंड रखा गया। बस स्टैंड के भीतर-बाहर चारों तरफ सैकड़ों की संख्या में दुकानों का निर्माण कर दिया गया जिससे नगर निगम को करोड़ों का राजस्व मिला। आज भी दुकानों के किराए के रूप में हर माह लाखों रुपये नगर निगम के खाते में जमा होते हैं। व्यवसायिक निर्माण ज्यादा हो जाने के कारण बसों के आने-जाने और खड़े होने का स्थान संकुचित हो गया है । जो स्थान बचा है उसमें दर्ज़नों खटारा बसें स्थायी रूप से जगह घेर कर खड़ीं हैं। प्रवेश और निकासी के मार्ग भी बेजा कब्जे की चपेट में हैं। बसें कहीं भी खड़ी हो जाती हैं। ऑटो चालकों की मनमानी से पूरे यात्री त्रस्त हो जाते है। बस स्टैंड में इतने सालों बाद ऊपर की छत तैयार हुई है। यात्रियों के बैठने के लिए बेंच बनी है पर यहां भी आधा सैकड़ा से अधिक अवैध ठेले टपरे लगवा दिए गए हैं जिनसे वसूली की जाती है। पेयजल का कोई इंतजाम नहीं किया गया। पुलिस चौकी बिल्कुल गेट पर है पर पुलिस कभी भीतर गश्त करते नहीं दिखती। सट्टे की पट्टी खुले आम कटती है। नगर निगम के अधिकारी कभी बस स्टैंड की ओर ध्यान नहीं देते। कलेक्टर के प्रशासक बनने के बाद उम्मीद थी कि बदहाल बसस्टेंड में कोई सुधार होगा पर यह उम्मीद भी झूठी ही निकली।




## हैल्थ इश्यू पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के गृह विज्ञान विभाग ने वर्ल्ड बैक एवं आई0क्यू0ए0सी0 सेल की अकादमिक उत्कृष्टता में रोल ऑफ न्यूट्रिशन इन लाईफस्टाइल रिलेटेड हैल्थ इश्यू पर दो दिवसिय राष्ट्रीय वेबीनार दिनांक 12 एवं 13 नवम्बर 2021 का आयोजन किया। वेबिनार की कनवेनर श्रीमती नेहा चौधरी, सहा0 प्राध्यापक ने बताया की इस वेबिनार का उद्देश्य आज की युवा पीढी को आहार एवं पोषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के प्रथम दिवस सत्र का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ साधना जैन के द्वारा किया गया उन्होने बताया कि निरोगी काया ही स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं का परिचय श्रीमती पुष्पा कुशरे विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग द्वारा सभी मुख्य वक्ताओं का परिचय दिया। प्रथम सत्र की वक्ता डॉ. सीमा पटेल सहा0 प्राध्यापक शा0 कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, रीवा जिनका वेबीनार विषय लाईफस्टाइल रिलेटेड हैल्थ डिसीज डायबिटीज एवं ब्लडप्रेशर था के संबंध में लाइफस्टाईल के बारे मे विस्तृत रूप से चर्चा की व डायबिटीज एवं ब्लडप्रेशर के पोषणीय निदान समझाए और उन्होने सिकारडियम रिदम के अनुसार स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की सलाह दी। वेबिनार के द्वितीय सत्र की वक्ता श्रीमती श्वेता भवेदिया सहायक प्राध्यापक शा0 एम0के0बी0 आर्टस एण्ड कॉमर्स महाविद्यालय जबलपुर के द्वारा किशोरास्वस्था मे पोषण हीनता जन्य रोगो जैसे एनिमिया, कमभारिता एवं अधिकभारिता होने के कारण व उनके पोषणीय निदान समझाय व अपने पोषण को बनाए रखने के लिये संतुलित आहार गृहण करने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किया। वेबिनार के अंतिम सत्र के वक्ता अजय कुमार पटेल, शा. इंदरू केवट कन्या महाविद्यालय कांकेर, छ0ग0 ने न्यूटास्यूटिकल्स का उपयोग के संबध मे प्रतिभागियों से विस्तृत चर्चा की उनके द्वारा प्रीबायोटिक, प्रोबायोटिक, आवश्यक वसीय पदार्थ व प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाली पोषण औषधिय गुण वाले भोज्य पदार्थ का भिन्न-भिन्न बिमारियों में उपयोग के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की।इस वेबीनार के माध्यम से मुख्य वक्ताओं द्वारा सभी प्रतिभागियों की समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वर्ल्ड बैक प्रभारी डॉ रश्मि चतुर्वेदी एवं डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा किया गयां। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने मे भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री प्रीति द्वारा तकनीकि सहायता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया गया ।

## नागरिकों को महामारी का सुरक्षा चक्र प्रदान करने किए जा रहे प्रयास

**कटनी।** कोरोना महामारी से बचाव हेतु शासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। महामारी से बचाव एवं नागरिकों को वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदान करनें हेतु वैक्सीनेशन सत्रों सहित समय समय पर महावेक्सीनेशन अभियान का आयोजन किया जाकर नगर के शत प्रतिशत नागरिकों को टीकाकरण की सुविधा प्रदान करानें के प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में शासन निर्देशों के परिपालनन एवं जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में शहरी सीमान्तर्गत 34 टीकाकरण केन्दों की स्थापना की जाकर प्रातः 10:30 बजे से वैक्सीनेशन का महाअभियान चलाया गया। महाअभियान का लाभ नगर के अधिक से अधिक नागरिकों कों सरलता से प्राप्त हो सके इस हेतु नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के आंगनबाडी केन्द्रों, सामुदायिक भवनों, चिकित्सालयों, स्टेशन परिसर, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, कृषि उपज मंडी परिसर मंदिर सहित नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र सुभाष चौक में टीकाकरण केन्द्रों की स्थापना की गई। निगम के वाहनों के माध्यम से प्रातः से ही नगर के रहवासी क्षेत्रों सहित मुख्य मार्गो में टीकाकरण केन्द्रों की मुनादी कराई जाकर नागरिकों को टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी से अवगत कराकर नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर वैक्सीन की दौनों डोज लगवानें हेतु प्रेरित किया गया।

### टीकाकरण केन्द्रों की व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण कर दिये गए आवश्यक निर्देश

चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में आनें जानें वाले नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण एस.डी.एम बलवीर रमन, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा द्वारा कृषि उपज मंडी, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, कुठला थाना के पीछे स्थित आंगनबाडी केन्द्र, खिरहनी दुर्गा चौक जोन कार्यालय सहित अन्य टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम के उपस्थित दल के कर्मचारियों को निगम प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जानें वाली व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखनें सहित आसपास की बस्तियों में भ्रमण कर वैक्सीनेशन से वंचित नागरिकों को टीकाकरण करानें हेतु जागरूक करनें तथा शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करनें के निर्देश प्रदान किये गए। आयोजित महाअभियान के दौरान बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गो में अच्छा उत्साह देखनें को मिला। सुभाष चौक मेन बाजार स्थित टीकाकरण केन्द्र में नगारिकगण स्वेच्छा से पहुंचकर वेक्सीन की दूसरी डोज पूर्ण कराकर महामारी का सुरक्षा चक्र संपूर्ण कराते हुए देखे गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें आज आयोजित महाअभियान में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करनें वाले समस्त जनों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए आगामी दिवसों में भी इसी तरह का सहयोग प्रदान कर नगर के शत प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीन की दौनों डोज पूर्ण करानें में सहयोग प्रदान करनें की अपील की है।

## बांधा मंदिर में महाआरती कल

**कटनी।** श्री राधा कृष्ण मंदिर, बांधा में कल 19 नवम्बर को वैदिक पंचागानुसार अति पुनीत कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर भगवान मुरली मनोहर की सायं 7 बजे महाआरती आयोजित है। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतर्वेदी, पं. महेश पाठक, पं. सीताराम मिश्रा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, अरूण तिवारी, पप्पू पाठक, ओमप्रकाश दुबे, राघवेन्द्र दुबे, बड्डू सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र विश्वकर्मा आदि ने समस्त श्री कृष्णानुरागी जनों से मंदिर पधारने की प्रार्थना की है।

## गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**कटनी।** श्री गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ का गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन में दीपोत्सव धूमधाम से मनाया। पंच परिषर्द के सरपंच श्री हजारीलाल नौगरहिया ने मॉ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर वंदना की। वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष श्री ज्योति प्रकाश नगरिया एवं सचिव श्री राजेश बरसैंया ने सपरिवार मॉ सरस्वती की आरती की। उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने आरती वंदना की । राधे रानी सत्संग मंडल के सदस्यों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान को छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। दो बालिकाओं जिनमें कु.तन्या बरसैया, चेतना बरसैया द्वारा मन मोहन नृत्य किया गया एवं दीप श्री नौगरहिया का स्थल पर रंगोली सजाई गई। कार्यक्रम में गहोई समाज ट्रस्ट मण्डल, पंच परिषद्, वरिष्ठ संघ, नवयुवक मंडल, विकास मण्डल, महिला समिति, रामायण मण्डल, मनन संस्था, जागृति समिति, झुड़ले ट्रस्ट, वनिता समिति, उन्नति समिति एकता मण्डल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन मे सर्व श्री भागीरथ बहरे, राजाराम महतेले, रमेश जार, घनश्याम सरावगी, रमेश बहरे,दीपक सोनी (टंडन) मुन्नालाल बिलैया, पुरूषोत्तमदास सोनी, अमोद जार, रवि कस्तवार, अशोक जार, नरेन्द्र सेठिया, जगदीश बरसैया, सीमा राकेश सुहाने, विमल डेंगरे, रजनी बिलैया, माया सेठिया, ऊषा नौगरहिया, सीमा गंधी, दुर्गा बरसैया का सराहनीय सहयोग रहा।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12.30, 3 एवं 5.45 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की कॉमेडी मूवी
रोजाना 5 शो ता. 19 से दोपहर 1,4,6.30, 8.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से
बंटी और बबली-2
कलाकार- शैफ अली खान, रानी मुखर्जी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सरवारी वाग आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 18 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## दो जुआफड़ों में बड़वारा व बरही पुलिस की रेड

### 19 जुआरियों से 1 लाख 9 हजार 500 रूपए सहित बाइक व मोबाइल जप्त





**कटनी।** बड़वारा व बरही पुलिस ने दो अलग-अलग जुआफड़ों में दबिश देकर डेढ़ दर्जन से अधिक जुआरियों से 1 लाख 9 हजार 500 रूपए नगद जप्त किए हैं। वहीं जुआरियों के कब्जे से मोबाइल फोन व वाहन भी जप्त किए गए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि कटनी व उमरिया जिले की सीमा रेखा पर विलायतकला में स्टेशन मार्ग पर इन दिनों रोज बिसात बिछ रही है तथा रोज जुआरी लाखों के वारे न्यारे कर रहे हैं। बताया जाता है कि मुखबिरों की इस सूचना की तस्दीक करने पुलिस मौके पर पहुंची तो मुखबिरों द्वारा बताए गए स्थान पर 11 लोग जुआ खेलते पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने जुआफड़ से 89000 रूपए व आधा दर्जन से अधिक मोबाइल फोन भी जप्त किए हैं।

गौरतलब है कि बड़वारा पुलिस के द्वारा इसके पूर्व ग्राम निगहरा स्थित एक फार्म हाऊस में दबिश देकर जुआफड़ का भंडा फोड़ किया था और जुआरियों के कब्जे से 1 लाख 57 हजार रूपए की जप्ती बनाई थी। बहरहाल पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर जुआफड़ में की गई इस कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक विजय रघुवीर सिंह, आरक्षक नंदू पटेल, संतोष यादव, अभय यादव व राजकुमार की भूमिका रही।

### बरही में बारात घर के पास बिछी थी बिसात

उधर बरही पुलिस ने ग्राम घघरौंटा स्थित बारात घर के पास बिसात बिछाकर बैठे आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को पकड़ा है। जुआफड़ से 20 हजार 500 रूपए की जप्ती बनाई गई है तथा जुआरियों के कब्जे से मोबाइल फोन व मोटर सायकल भी जप्त की गई हैं। यहां जुआ खेलते पुलिस के हत्थे चढ़े जुआरियों में बरही थाना अंतर्गत गैरतलाई निवासी कमलेश कुमार गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता, सतना जिले के बदेरा थाना अंतर्गत ग्राम केवलारी निवासी सूरजदीन पिता रामसहाय जायसवाल, ग्राम घघरौंटा निवासी पाठक सिंह पिता अजमेर सिंह, अर्जुन सिंह पिता रामप्रताप सिंह, कंछेदीलाल सोनी पिता रामभुवन सोनी, सुनील कुमार कोल पिता तेजीलाल कोल, चौरासी कोल पिता मोतीलाल कोल, कुटेश्वर माइंस क्षेत्र निवासी अशरफीराम पिता जयकिशन राम शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में कार्रवाई में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव, अजीत सिंह, जगत सिंह की भूमिका रही।

## बॉडी बिल्डिंग से बन सकता है कॅरियर

### मप्र बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन जिले में करेगा संगठन की स्थापना

**कटनी।**

युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता और बॉडी बिल्डिंग से करियर निर्माण के उद्देश्य से मप्र बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन जिलों में संगठन निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मप्र बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव एवं इंडियन बॉडीबिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतिन तिवारी ने विगत दिवस कटनी पहुंचकर शहर के सभी जिम संचालकों से मुलाकात की। श्री तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में अपने आपको को फिट रखना आवश्यक है। बॉडी बिल्डिंग से न केवल आप अपनी सेहत पर ध्यान दे सकते हैं, वरन करियर का भी निर्माण कर सकते हैं। इसकी को लेकर कटनी शहर में जल्द ही जिला संगठन की स्थापना की जा रही है और आगामी समय में जिला स्तरीय, सम्भाग स्तरीय व राज्य स्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर जबलपुर स्मार्ट फिटनेस के संचालक संजय शाह, कटनी बीइंग वाररिर्स फिटनेस क्लब के संचालक अंशुल रजक, अंकुश रजक, लामा फाइट एवं फिटनेस क्लब के संचालक रोहित मेहरोत्रा, खान फिटनेस क्लब के संचालक इरफान शेख, बीइंग वारियर्स टीम स्टाफ अरुण, उमेश, करन सिंह, सौरभ पांडे, हिमांशु, दीपक, आकाश, ऋषभ, छोटू, तनु, नेंसी, किशन आदि उपस्थिति रहे।

## नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच रहे मास्साब

### बरजी प्राथमिक शाला का मामला, शराबी शिक्षक से छुटकारा दिलाने बच्चों व अभिभावकों ने उठाई आवाज

**कटनी/रीठी।** जनपद शिक्षा केंद्र रीठी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बरजी में बच्चों एवं अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि यहां पदस्थ शिक्षक फूल सिंह उइके शराब पीकर स्कूलआते हैं। इन अबोध बच्चों ने स्वयं स्कूल के शिक्षक को नशे की हालत में पाया औरी स्कूल की दुर्दशा का जिम्मेदार बताया। बच्चों ने बीते मंगलवार को बताया कि शिक्षक नशे की हालत में लड़खड़ाते हुए विद्यालय में आए और अधिकांश समय स्कूल से गायब रहे। जब कभी स्कूल पहुंचते हैं तो नशे की हालात में रहते है। ऐसे में बच्चों व अभिभावकों ने शराबी शिक्षकों को तत्काल स्कूल से हटाए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है, वहीं इस घोर लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए बीईओ अनिल चक्रवर्ती का कहना है कि जानकारी लगने पर बरजी प्राथमिक शाला निरीक्षण पर गया था। फूल सिंह उइके रेगुलर शाला नहीं आते हैं। संकुल प्राचार्य अनूप सिंह को सख्त हिदायत दी है कि बिना संकुल प्राचार्य की अनुमति के ज्वायनिंग नहीं दी जाए, साथ ही वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। अन्य दो शिक्षकों को कहा गया कि अगर इस तरह की सूचना दुबारा मिलती है तो 100 डायल करके पुलिस बुलवाकर रिपोर्ट दर्जकर अस्पताल ले जाकर मुलाहजा किया जाएगा।

### परिजन और कर्मचारियों ने लगाया कंपनी प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप

## एलएंडटी कंपनी की प्रताड़ना से तंग आकर कर्मचारी ने लगाई फांसी



**कटनी।** शहर में रेल फ्लाईओवर बना रही एलएंडटी कंपनी के एक कर्मचारी ने प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगा लिया है। कर्मचारी द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से अन्य कर्मचारी सकते में आ गए हैं और जमकर कंपनी के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार धीरेंद्र द्विवेदी पिता महेश उम्र 50 वर्ष निवासी सोनवर्षा जिला सीधी एलएंडटी प्लांट में बैचिंग प्लांट हेल्पर के पद पर कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार को उसे अवकाश के दिन भी काम पर बुलाया गया। तबीयत खराब होने के कारण मना कर दिया। इस पर सुपरवाइजर अजीत सिंह ने कहा किए अब सोमवार से ड्यूटी पर मत आना। जब धीरेंद्र सोमवार को ड्यूटी पर पहुंचा तो पंच मशीन में उसका फिंगर नहीं लिया, जिससे वह परेशान हो गया। उसने सुपरवाइजर अजीत सिंह से पूछा तो उसने कहा किए तुम्हें काम से निकाल दिया गया है। इस पर उसे ऑफिस में ले जाकर के धमकी दी गई और कहा किए अब दोबारा काम पर नहीं आना। परिजन का आरोप है कि उसके साथ मारपीट भी की गई है। मृतक के भाई रमेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि लगातार कंपनी में प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे परेशान होकर के 15 नवंबर को भाई धीरेंद्र द्विवेदी ने चुनकाई मोहल्ला पड़रिया में फांसी लगा ली। इस पर साथी कर्मचारी अतुल पटेल ने जाकर देखा तो वो फांसी पर लटका मिला। एक अन्य कर्मचारी के साथ मिलकर उसे फांसी के फंदे से उतारा और तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से हालत में सुधार होने ना होने पर उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां बुधवार की सुबह कर्मचारी की मौत हो गई। कर्मचारी की मौत से साथी कर्मचारी व परिजम का आक्रोश भड़क उठा। कर्मचारी श्रीमान मिश्रा का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन लगातार कर्मचारियों से 12 से 14 घंटे काम लेती है। सप्ताह में कोई अवकाश नहीं मिलता। उन्हें पे स्लिप भी नहीं दी जाती। आवाज उठाने पर उन्हें कह दिया जाता है कि अगर आपको काम अच्छा नहीं लग रहा तो छोड़कर चले जाएं। इस दौरान जब श्रीमान ने कंपनी प्रबंधन की मनमानी को उजागर किया तो मौके पर मौजूद मैनेजर आई आर एस के ठाकुर ने खुलेआम धमकी दी किए दोबारा तुम्हें कंपनी में काम करना है ठीक बात नहीं होगी। कर्मचारियों की आरोप है कि रेलवे और प्रशासन कंपनी प्रबंधन की मनमानी पर ध्यान नहीं दे रहा।

#### इनका कहना है

आई आर एलएंडटी कंपनी के मैनेजर एसके ठाकुर का कहना है कि धीरेंद्र द्विवेदी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। उसने पंचिंग मशीन तोड़ दी थी। इसलिए उसे काम से निकाल दिया गया था। मारपीट आदि प्रताड़ना का आरोप निराधार है। अवकाश पर काम लेने की बात रही तो सरकार भी काम लेती है। हमें तय समय में प्रोजेक्ट पूरा करके देना है तो ओवरटाइम कर्मचारियों से काम तो लेंगे ही। रही बात वेतन की तो वेतन अकाउंट में दिया जाता है।

## सरपंच व सचिव से थाना प्रभारी के नाम पर पैसों की मांग

### मोबाइल पर फोन कर की जा रही डिमांड

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायतो के सरपंच व सचिव को फोन कर रीठी थाना प्रभारी के नाम पर पैसों की मांग करने का मामला सामने आया है। हालांकि रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने ऐसे किसी तरह के पैसों की मांग करने का खंडन किया है तथा जिनके पास भी ऐसे फोन आए हैं। उन्हे तत्काल शिकायत करने कहा है। जिससे फोन कर पैसों की मांग करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर उसके विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों के सरपंच पति व सचिव के पास मोबाइल नंबर 9954825383 से फोन गया और फोन करने वाले व्यक्ति ने रीठी थाना प्रभारी के नाम पर पैसों की मांग की। इस नंबर से देवगांव सरपंच पति मुकेश राय, खिरवा हरद्वारा सरपंच पति श्रीकांत राय एवं खम्हरिया नम्बर 1 के सरपंच पति को फोन कर पैसों की मांग की गई है। बहरहाल पुलिस शिकायत पर मामले की जांच करते हुए फोन करने वाले व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

#### दरोगा जी के नाम पर है सिम

रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि मोबाइल नंबर को ट्रेस करने पर यह नंबर असम का सो हो रहा है तथा सिम किसी दरोगा जी के नाम से है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## अब सभी स्कूलों को देना होगा प्रमाण, सरकार की सख्ती से सुधरेगी व्यवस्था

**कटनी।** शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति की राशि के लिए 75 फीसदी अटेंडेंस के साथ ही ऑनलाइन कक्षाओं के फोटोग्राफदेने होंगे। प्रूफ देने के बाद ही स्कूलों को यह राशि दी जाएगी। शिक्षा से वंचित वर्ग के परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों द्वारा मुफ्त में प्रवेश दिया जाता है। इस प्रवेश के बदले में स्कूलों को शिक्षण शुल्क के रूप में फीस प्रतिपूर्ति की राशि मिलती है। इस मामले में स्कूलों की जा रही गड़बड़ी को रोकने के लिए उक्त नए प्रावधान किए गए हैं। जिले में 800 से अधिक प्राइवेट स्कूल हैंए जिनमें ऐसे करीब 6 हजार छात्र प्रवेशित बताए जा रहे हैं। सत्र 2020-21 में कोविड-19 के कारण स्कूलों का संचालन प्रभावित था। न तो कक्षाएं लगीं, न ही प्रवेश हुए, फिर भी स्कूलों द्वारा फीस प्रतिपूर्ति की मांग की गई। सूत्रों के अनुसार छात्र के आधार सत्यापन के उपरांत ऑनलाइन कक्षा के कुल दिवस तथा छात्र की वार्षिक उपस्थिति स्कूलों को दर्ज करनी होगी। यह उन्हीं छात्रों की होगी जिनके द्वारा ऑनलाइन कक्षा में अध्ययन अध्यापन किया गया है। यदि किसी स्कूल की ऑनलाइन कक्षा न लगने की शिकायत मिली तो सम्बंधित स्कूल की सम्बद्धता भी समाप्त की जा सकती है।

## स्पिक मैके की अनुपम प्रस्तुति 29 नवंबर को

**कटनी।** मैहर सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर ऐमोंगस्ट यूथ स्पिक मैके जिसकी स्थापना 1972 में डॉक्टर किरण सेठ ने की थी यह एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है। जो भारतीय संस्कृति एवं संगीत के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से आंदोलन के रूप में कार्य कर रही है। संस्था कार्यक्रम प्रभारी जितेश जैन ने बताया दिनांक 29 नवंबर दिन सोमवार देश के जाने माने रुपद गायक पंडित प्रशांत मलिक निशांत मलिक मलिक बंधु अनुपम प्रस्तुतियां संपन्न होने जा रही है। इस अनुपम एवं अद्वितीय प्रस्तुति में आप अपनी सहभागिता आवश्य निभाएं। उक्त गरिमामय कार्यक्रम आप समस्त सम्मानितजनों की उपस्थिति में संपन्न होगी।

आधार लाओ, उधार ले जाओ
BAJAJ FINSERV बजाज फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
0% ब्याज पर आसान किश्तों में मोबाइल उपलब्ध
Special Offer
धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर महा धमाका
लूट सको तो लूट लो... अब नगद की क्या जरुरत...
मात्र 3 दस्तावेज लायें
* आधार कार्ड * पेन कार्ड * बैंक पासबुक
SAMSUNG realme mi vivo oppo NOKIA
बजाज कस्टमर को 1रु. में मोबाइल उपलब्ध
पलक मोबाइल शॉप
चांडक चौक ढलान, आदर्श कॉलोनी तिराहा, कटनी, मो. 9301051222

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी

क्रमांक/3731/का.यं/नि.प्रको./लो.स्वा.यां./परि.खण्ड/21 कटनी, दिनांक 11/11/2021

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 48 TO 63/2021-22

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में रेट्रोफिटिंग के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस / सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 48/21_22 | 2021_PHED _167041 | BAHORIBAND | 3 | 219.91 | 219910 | 15000 | 8 माह | Registered under M.P. PWD New centralized registraion Scheme |
| 49/21_22 | 2021_PHED _167378 | BAHORIBAND | 3 | 263.90 | 263900 | 15000 | 8 माह | |
| 50/21_22 | 2021_PHED _167381 | BAHORIBAND | 4 | 322.55 | 322550 | 15000 | 8 माह | |
| 51/21_22 | 2021_PHED _167382 | BAHORIBAND | 2 | 154.10 | 154100 | 12500 | 8 माह | |
| 52/21_22 | 2021_PHED _167383 | BAHORIBAND | 2 | 192.50 | 192590 | 12500 | 6 माह | |
| 53/21_22 | 2021_PHED _167400 | DHEEMARKHEDA | 3 | 440.59 | 440590 | 15000 | 8 माह | |
| 54/21_22 | 2021_PHED _167399 | DHEEMARKHEDA | 3 | 409.75 | 409750 | 15000 | 8 माह | |
| 55/21_22 | 2021_PHED _167437 | DHEEMARKHEDA | 2 | 342.62 | 342620 | 15000 | 8 माह | |
| 56/21_22 | 2021_PHED _167446 | DHEEMARKHEDA | 1 | 219.91 | 219910 | 15000 | 6 माह | |
| 57/21_22 | 2021_PHED _167455 | DHEEMARKHEDA | 1 | 174.72 | 174720 | 12500 | 6 माह | |
| 58/21_22 | 2021_PHED _167513 | DHEEMARKHEDA | 1 | 124.81 | 124810 | 12500 | 6 माह | |
| 59/21_22 | 2021_PHED _167546 | BAHORIBAND | 1 | 135.21 | 135210 | 12500 | 6 माह | |
| 60/21_22 | 2021_PHED _167553 | DHEEMARKHEDA | 1 | 126.32 | 126320 | 12500 | 6 माह | |
| 61/21_22 | 2021_PHED _167558 | DHEEMARKHEDA | 1 | 107.29 | 107290 | 12500 | 6 माह | |
| 62/21_22 | 2021_PHED _167567 | DHEEMARKHEDA | 1 | 109.32 | 109320 | 12500 | 6 माह | |
| 63/21_22 | 2021_PHED _167582 | DHEEMARKHEDA | 2 | 232.38 | 232380 | 15000 | 8 माह | |

ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथी - 26/11/2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथी - 26/11/2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 29/11/2021 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं.- 07622-225752

G-19241/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Cure with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने कचहरी चौक, कटनी
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. विशाल वडेरा एम.डी., डी.एन. बी (नेफ्रोलॉजी)
(दिनांक-20/11/2021 समय दोपहर 12 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक )
||(उपलब्ध उपचार)||
किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार-बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार-बार बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।
हर माह के दूसरे शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
फोन नंबर- 07622- 405070-71-72

# कटनी के स्टोन पर बना रहे अनमोल ''कौड़ी''

## शिल्पकार जितेन्द्र बेगढ़ ने कहा- कटनी का सेंड स्टोन काफी साफ्ट, शिल्प बनाना आसान

**कटनी।** कौड़ियों के मोल.. मुहावरे का उपयोग लोग आम भाषा किसी बहुत सस्ती वस्तु के लिए करते हैं लेकिन कटनी में एक ऐसी कौड़ी बन रही है, जो अनमोल है। दरअसल कटनी के स्टोन को एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चुना गया है और स्टोन को बढ़ावा देने के लिए जागृति पार्क में 9 नवंबर से 28 नवंबर तक कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के कई राज्यों से आए शिल्पकार कटनी के स्टोन पर कलाकृतियां उकेर रहे हैं। उन शिल्पकारों में इंदौर से आए शिल्पकार जितेन्द्र बेगढ़ भी शामिल हैं। कई साल से पत्थर पर शिल्पकारी कर रहे जितेन्द्र कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में कटनी के स्टोन पर विशाल ''कौड़ी'' का निर्माण करने में जुटे हैं। शिल्पकार जितेन्द्र का कहना है कि कटनी के स्टोन पर कला दिखाने का उनका यह पहला अवसर है। उनका कहना है कि कटनी का पीला स्टोन काफी साफ्ट है और इस कारण से उसपर शिल्प बनाना आसान है। 30 साल से शिल्पकला से जुड़े बेगढ़ का कहना है कि कटनी के पत्थर पर बहुत संभावनाएं हैं और स्टोन फेस्टिवल से निश्चित ही इसे एक नई पहचान मिलेगी।

### कौड़ी लक्ष्मी का प्रतीक, इस कारण चुना

कटनी के स्टोन को अपनी हुनर से विशाल कौड़ी का आकार देने में जुटे शिल्पकार बेगढ़ का कहना है कि कौड़ी मां लक्ष्मी का प्रतीक मानी जाती है। कटनी के स्टोन पर मां लक्ष्मी की कृपा बने, इसी को सोचकर उन्होंने पत्थर को कौड़ी का आकार देने का चुनाव किया। पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर व खनिज विभाग में वरिष्ठ प्रशिल्पी के पद पर पदस्थ जितेन्द्र का कहना है कि उन्होंने पहले भी जयपुर, बैंगलोर, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, गोवा, पूना जैसी जगह में आर्ट गैलरी लगाई हैं, जिनमें सभी प्रकार की शिल्प का प्रदर्शन किया लेकिन कटनी में स्टोन पर शिल्पकारी का यह अपने तरह का अलग ही आयोजन है।

# कृषकों को निर्धारित दर पर बीज कराये जायेंगे उपलब्ध

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फर्म विकास निगम द्वारा रबी वर्ष 2021-22 में विक्रय के लिये निगम के बीज प्रक्रिया केन्द्र कटनी पर गेहूं की विभिन्न किस्मों के बीज उपलब्ध कराये गये हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक जबलपुर ने बताया कि यह बीज कृषकों को निर्धारित दरों पर जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। गेहूं की किस्मों में सुजाता, जैविक एचआई-8713, एचआई-8737, एचआई-8759, एमपी-3211, जीडब्ल्यू-3288, जीडब्ल्यू-322, एचआई-1544, आरबीडब्ल्यू-4108, जेजी-12 जैविक, जेजी 38 आदि किस्मों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। गेहूं की उंची दर के बीजों का विक्रय दर 4 हजार 50 रुपये प्रति क्विंटन एवं गेहूं बोनी की विक्रय दर 3600 रुपये तथा चना बीज का विक्रय दर 7 हजार 700 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। जिस पर शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार कृषकों को विक्रय पर अनुदान भी देय है।

# फूड फेस्टिवल में लोग उठा सकेंगे स्वीटकॉर्न के व्यंजनों का लुत्फ

## 20 और 21 नवम्बर को जागृति पार्क में लगेगा राज स्वीटकॉर्न कैफे

**कटनी।** कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला का आयोजन जागृति पार्क माधवनगर में किया जा रहा है। जिसमें स्टोन फेस्टिवल के साथ लोगों को जहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है तो नए-नए व्यंजनों का भी लुत्फ उठा रहे हैं।

जिले में स्वीटकॉर्न के लिये जाना जाने वाला तेवरी, जहां स्वीटकॉर्न के स्वाद का लेने जिले ही नहीं जिले के बाहर से भी लोग पहुंचते हैं। वहीं स्वीट कॉर्न से बनने वाले लजीज व्यंजनों के लिये तेवरी में संचालित राज स्वीटकॉर्न कैफे, अब एक ब्राण्ड बन चुका है। राज स्वीट कॉर्न कैफे के स्वीटकॉर्न पकोड़े, स्वीटकॉर्न चाट, स्वीटकॉर्न सैलेड, स्वीटकॉर्न भेल, बॉईल दाने, मसाला मैगी कॉन, पास्ता कॉर्न मसाला, नूडल्स कॉर्न मसाला, स्वीटकॉर्न सूप, स्वीटकॉर्न हलवा और टेस्टी स्वीटकॉर्न हलवा, स्वीटकॉर्न सूप काफी फेमस है। जिले के नागरिक इन सभी लजीज स्वीटकॉर्न व्यंजनों के जायकों का मजा जागृति पार्क में ले सकेंगे। जागृति पार्क में फूड फेस्टिवल के दौरान लोगों को तेवरी के प्रसिद्ध स्वीटकॉर्न के व्यंजनों का स्वाद उठाने का भी अवसर मिलेगा। इसके लिये 20 और 21 को तेवरी के राज स्वीटकॉर्न कैफे का स्टॉल जागृति पार्क परिसर में उपलब्ध रहेगा। जिसमें स्वीटकॉर्न के बने कई तरह के व्यंजनों का लुत्फ लोग उठा सकेंगे। कैफे संचालक राज रजक ने बताया कि तेवरी के स्वीटकॉर्न से बना भेल कॉर्न, मैगी कॉर्न, कॉर्न पकोड़ा, कॉर्न चाट, कॉर्न आलूबंडे, ब्वाइल दाना विथ नीबू, बटर सहित 10 से अधिक प्रकार की स्वीटकॉर्न के व्यंजनों की वैरायटी स्टॉल में लोगों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा ठंड को देखते हुए कुल्हड़ चाय व कॉफी भी स्टॉल में उपलब्ध रहेगी।

### 2530 किलोग्राम महुआ तथा 65 लीटर अवैध शराब की गई जप्त

कटनी। जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आबकारी वृत्त बड़वारा अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बड़वारा अंतर्गत ग्राम बहिरघटा, खिरहनीहार, सिजहरा में दबिश दी गई। इस दौरान 2530 किलाग्राम महुआ लाहन तथा 65 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 4 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 1 लाख 36 हजार 250 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर नष्ट करने की कार्रवाई भी की गई है।

# खेत जा रहे नागरिकों को टीम ने रोककर दिया सुरक्षा कवच का डोज

**कटनी।** कोविड से बचाव के लिए जिले में शत प्रतिशत लोगों को वैक्सीन के दोनों डोज लगें, इसको लेकर जिला प्रशासन जागरूकता अभियान चला रहा है तो घर, खेत, खलिहानों तक पहुंचकर टीम लोगों को वैक्सीन के डोज देने में जुटी हैं। बुधवार को जिले में वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया गया। जिसमें वैक्सीनेशन कार्य में लगी टीमों ने केन्द्रों के साथ अन्य स्थानों पर भी सेवाएं दीं। ग्राम पंचायत हथकुरी में सीईओ जनपद पंचायत रीठी ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा, एपीओ डॉ. अजीत सिंह, सचिव महेश चक्रवर्ती, रोजगार सहायक कमल श्रीवास ने खेतों में काम करने जा रहे ग्रामीणों को रास्ते में रोककर टीकाकरण संबंधी जानकारी ली। जिन कृषकों ने टीका नहीं लगवाया था, उनको समझाइश दी गई और मौके पर ही वैक्सीनेशन कराया गया। गांव के सुभाष कुमार साहू और पूरन लाल साहू ने टीकाकरण नहीं कराया था। कृषकों का कहना था कि खेती के काम में लगे होने के कारण उन्हें समय नहीं मिल पा रहा है। टीम ने मौके पर ही उन्हें वैक्सीन की डोज दी। जिसके बाद कृषकों ने जिला प्रशासन की कोविड बचाव को लेकर की गई व्यवस्था की सराहना की।

# इस साल 140 विद्यार्थियों को 22 लाख की छात्रवृत्ति देगी एसीसी

## इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 नवम्बर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**कैमोर।** एसीसी ट्रस्ट, कैमोर सीमेन्ट वर्क्स के विद्या उत्कर्ष परियोजना के अन्तर्गत एसीसी विद्या सारथी आनलाईन छात्रवृति 2021-22 का सांकेतिक शुभारंभ गत दिवस डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी द्वारा किया गया। इस योजना के तहत सत्र 2021-22 में 140 विद्यार्थियों को 22 लाख रूपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। पिछले साल तक विज्ञान स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ही इस योजना का लाभ मिल पाता था। इस बार मेडिकल एवं नर्सिंग सहित कुछ अन्य पाठ्यक्रमों को योजना में शामिल किया गया। एनएसडीएल के सहयोग से उक्त छात्रवृति हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, मेडिकल व इनजीनियरिंग के अध्ययनरत् विद्यार्थीयों द्वारा आनलाईन आवेदन वेबसाईट www.vidyasaarathi.co.in पर किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर एवं छात्रवृति भुगतान की तिथि दिनांक 15 दिसम्बर को निर्धारित की गई है। इस छात्रवृति का लाभ किसी भी जाति वर्ग के विद्यार्थी ले सकेगेंए इसके लिए कटनी जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है। बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु छात्रवृत्ति में छात्राओं हेतु 50 प्रतिशत प्रतिशत आरक्षण रखा गया है। 10वीं एवं 12वीं मे न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये विद्यार्थी इसमें आवेदन कर सकेगें। योजना का लाभ एसीसी के किसी भी कर्मचारी के बच्चों को नही मिल पायेगा। ज्ञात हो कि शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से केवल 4 नियमित कोर्स स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा एवं इनजीनियरिंग हेतु छात्रवृति प्रदान की जाती रही है। वर्ष 2020-21 से मेडिकल, नर्सिंग एएनएमजी एनएम बीएससी नर्सिंग व स्नातकोत्तर एमएसडब्लूएम बीएएम टेक/एमसीए कोर्सेस को भी उक्त योजना मे शामिल किया गया है। योजना में पिछले वर्ष आवेदन किए हुए विद्यार्थियों को पुनः आवेदन करने की पात्रता है। एसीसी विद्या सारथी आनलाईन छात्रवृति 2021-22 के विमोचन के अवसर पर डायरेक्टर प्लांट एसीसी कैमोर के.आर. रेड्डी के साथ हेड एचआर एचपी सिंह, हेड लॉजिस्टक जितेंद्र सनाढ्या, हेड माइनिंग मनोज शंकर सिंह, चीफमैनेजर एचआर. अमिताभ राजन, एसीसी सीएसआर प्रमुख श्रीमती ऐनेट एफ.विश्वास एवं एसीसी ट्रस्ट टीम की उपस्थिति रही।

# डाक विभाग कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**कटनी।** भारतीय डाक विभाग के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पखवाड़े के तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रधान डाकघर के निर्देशन में स्वच्छता अभियान के तहत पैदल रैली निकाली गई। रैली कटनी प्रधान डाकघर से होती हुई शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। जिसमे प्रधान डाकपाल नारायण सिंह ठाकुर, डिप्टी पोस्टमास्टर आर सी राम, सहायक डाकपाल प्रशांत दाम, सहायक डाकपाल जितेन्द्र बरडे, लेखापाल मनोज कुमार दुआ, सीपीसी प्रभारी निशा दुर्भात, डाक सहायक अंकित चतुर्वेदी, जावेद अख्तर, नितिन पराते, सरोज कुमार, संजय तांबे, हर्षित तिवारी, सुबोध कुमार, सरोज कुमार, कपिल राजपूत, पोस्टमेन सतीश शर्मा, माधुरी रैकवार, पुष्पा अहिरवार, नरेश रजक, सुनील गुप्ता, मैल ओवरशियर अशिलेश पाठक, विनोद गौतम एवं समस्त डाकविभाग के कर्मचारियों के द्वारा पैदल मार्च कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करने हेतु संदेश दिया गया।

# कंगना का फूंका पुतला, देशद्रोह का मामला दर्ज हो

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कटनी के सचिव अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में सभी सदस्यों पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों लोगों के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन एवं ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुमान सिंह के साथ स्वतंत्रता सेनानी काशी बाई सोनी द्वारा कंगना रनौत का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मांग की गई कि कंगना रनौत पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उसे दिया गया पद्मश्री अवार्ड वापस लिया जाए, ताकि दोबारा कोई देश का अपमान न कर सके। कंगना रानौत के बयान देश को आजादी भीख में मिली है, को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। पुतला दहन में वंश गोपाल सिंह, अजय बर्मन, दिनेश वर्मा, बृजेश गुप्ता, आकाश ताम्रकार, संतोष सिंह भट्टी, कल्लू दास बैरागी, रानी बानो, दीपा विश्वकर्मा, अंकिता झारिया, जुगनू खान, नीलिमा मसीह, पूनम चौधरी, सुनीता सोनी, सुमन रजक, अर्चना जायसवाल, करिश्मा जायसवाल, लता खरे, सिरातुलबी सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# वनों को बचाना प्रत्येक मानव का धर्म

### पौधारोपण कर मनाया सतगुरु ईश्वरशाह का अवतरण दिवस

कटनी। सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब के अवतरण दिवस पर बाबा माधवशाह चिकित्सालय एवं पुलिस लाइन झिंझरी में पौधारोपण किया गया, जिसमें कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया, सीएसपी शशिकान्त शुक्ल, माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा, सीएमएचओ प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, ताराचन्द पेसवानी, रामचन्द रीझवानी, गंगाराम कटारिया, पीताम्बर टोपनानी , देवानन्द आसरानी, डॉ वी एम राजपाल, हितेश राजपाल, विशनू वलेचा, मोहन लाल लद्धवानी, डॉ मोटवानी, डॉ बल्देव सिंह, डॉ दिवेदी, करमचन्द आसरानी, कन्हैयालाल केवलानी, अजय भेरवानी, वरियलदास वाधवानी, ईश्वरलाल बहरानी, बबला आसरानी, गोविंद सचदेवा, बबलू कटारिया, लखमीचंद डोडानी, भागचंद नेतवानी, शंकर मीहानी, दीपक मीहानी ने पौधारोपण अभियान में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीएसपी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को एक पौधे रोपने के लिए सुझाव दिया। इस अवसर पर सतगुरु सांई ईश्वरशाह ने कहा कि अनादिकाल से मानव प्रकृति से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है और उसका लाभ प्राप्त कर रहा है। मानव सभ्यता एवं राष्ट्र विकास के लिए वनों का महत्वपूर्ण योगदान होता हैं।

वनों को बचाना-बढ़ाना प्रत्येक मानव का धर्म और कर्तव्य है। वनों को सुरक्षित कर प्राकृतिक संतुलन बनाया जा सकता है। यदि समुचित कदम उठाए जाएं तो हम प्रकृति का बेहतर विकास कर आने वाली पीढ़ी को सुखद भविष्य दे सकते हैं। हमें प्रकृति की रक्षा कर समृद्ध एवं उन्नतिशील स्वस्थ्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। सतगुरु जी के अमृत वचनों का अनुसरण करते हुए हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति माधवनगर द्वारा सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। 18 नवम्बर से भारत के विभिन्न नगरों में लगभग एक लाख पौधे रोपकर उन्हें पेड़ बनने की सेवा हरे माधव के सेवादारों द्वारा किया जा रहा है।

# पंचायतों और निकायों में कोई छाप नहीं छोड़ पाया अफसरी राज

कटनी। प्रदेश में शायद यह पहला अवसर रहा जब लगातार डेढ़ दो साल से पंचायतों और नगरीय निकायों में जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व नहीं है। ग्राम पंचायतों में न पंच हैं ना सरपंच। जनपदों और जिला पंचायत भी अध्यक्ष और सदस्यों से खाली है तो वहीं नगरीय निकायों में भी परिषद अस्तित्वहींन है। जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी में पंचायतों और नगरीय निकायों के माध्यम से जनता को दी जाने वाली मूलभूत सेवाओं के सुचारू संचालन से लेकर विकास कार्यों के क्रियान्वयन तक का दायित्व सीधे तौर पर अधिकारियों के पास है। नगर निगम में खुद कलेक्टर प्रशासक के तौर पर पूरे काम काज की निगरानी कर रहे तो नगर परिषदें एस डी एम के हवाले हैं। पंचायतों में सचिवों का राज है। जनपदों और जिला पंचायत की बागडोर मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के हाथों में है। पंचायतों और निकायों की जिम्मेदारी संभाल रहे ये अधिकारी चाहते तो अपनी प्रशासनिक छमता से सिस्टम में कसावट लाकर सेवाओं को और बेहतर कर सकते थे साथ ही विकास कार्यों को गति देकर अपनी एक विशिष्ट छाप छोड़ सकते थे पर ऐसा हुआ नहीं। अधिकारियों ने इस जिम्मेदारी को अतिरिक्त बोझ समझते हुए इसके निर्वहन में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई जिसका परिणाम यह हुआ कि न तो सेवाएं ही बेहतर हुई ना ही विकास कार्यों को गति मिल पाई। निकट भविष्य में पंचायत चुनावों की संभावना को देखते हुए उम्मीद की जा रही कि अगले साल की शुरुआत तक पंचायतों को अफ़सरी राज से मुक्ति मिल जायेगी पर नगरीय निकायों में अभी कम से कम छह महीने तक अफसरों का ही शासन रहने के आसार हैं।

यश भारत
खबर विशेष

## जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी से बदहाल हुई सेवाएं

उल्लेखनीय है कि जनवरी 2020 से लेकर मार्च 2020 तक प्रदेश में त्रि स्तरीय पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका था। सरकार ने भी पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने से लेकर आरक्षण निर्धारण तक की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। बस पंचायत चुनावों का कार्यक्रम घोषित होना शेष था तभी कोरोना के बढ़ते प्रकोप के कारण पूरे देश सहित प्रदेश में भी लॉक डॉउन लगाना पड़ गया जिसके चलते पंचायत चुनावों की घोषणा नहीं हो सकी। इस बीच प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा की रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव करा लिए गए पर पंचायत चुनाव टलते ही चले गए। पंच-सरपंच नहीं होने से ग्राम पंचायतों में सचिवों का राज हो गया वहीं जनपद और जिला पंचायत का जिम्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने सम्हाल लिया। अधिकारियों के इस राज में निरंकुशता हावी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को बंटने वाले सस्ते खाद्यान्न सहित तमाम तरह की पेंशन और रोज़गार मूलक कार्यों पर भी इसका असर दिखा। मनरेगा के कार्यों पर विराम लग गया। पंचायतों के माध्यम से कराये जाने वाले स्वीकृत विकास कार्य अधूरे रह गए। प्रधानमंत्री आवास जैसी महत्वपूर्ण योजना में जमकर बंदरबांट हुई। मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई में ऐसी समस्याएं बहुतायत में आने लगीं। लोग सचिवों एवं अन्य अधिकारियों की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट के चक्कर लगाने पड़े। जनसुनवाई में उमड़ने वाली भीड़ के चलते कलेक्टर को स्वयं जनपद मुख्यालयों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनने के लिए बाध्य होना पड़ा। पूरे दो साल ग्रामीण क्षेत्रों में दी जाने वाली सेवाएं और कराये जाने वाले विकास कार्य अधिकारियों के हवाले रहे। अब शासन ने त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों की

### विकास कार्यों को भी नहीं मिली रफ़्तार

तैयारियां फिर तेज कर दी हैं। जल्द ही जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण का निर्धारण होना है। आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही चुनाव कार्यक्रम घोषित हो जाएगा। उम्मीद की जा सकती है कि अगले साल जनवरी तक त्रि स्तरीय पंचायतें पुनः बहाल हो जाएंगी। मार्च आते आते पंचायती राज व्यवस्था पुनः पटरी पर लौट आएगी। पंचायतों की तरह निकायों का कार्यकाल भी जनवरी 2020 में पूरा हो चुका है। सरकार और निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनावों की तैय्यारी भी कर ली थी पर कोरोना के साथ-साथ आरक्षण को लेकर न्यायालयों में दायर की गई याचिकाओं ने निकाय चुनावों पर भी ब्रेक लगा दिया। कटनी नगर निगम में परिषद का कार्यकाल खत्म होने के बाद यहां जिले के प्रसाशनिक मुखिया कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त किया गया। तब से अब तक नगर निगम की सारी व्यवस्था उन्हीं के हवाले है। नगर की साफ-सफाई से लेकर सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट, पर्वों पर विशेष व्यवस्थाएं सब कुछ उन्ही के दिशा निर्देशन में चल रहा। व्यवस्थाएं चाक चौबंद होने के कितने ही दावे किए जाएं पर हक़ीक़त यही है कि सेवाएं पहले से बेहतर नहीं हुई बल्कि परेशानी और शिकायतें और बढ़ी हैं। चाहे सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से मासूम बच्चों की मौत का मामला हो या सड़कों की जर्जर हालत हो या फिर जगह जगह हो रहे अवैध निर्माण की शिकायतें हो हर जगह प्रशासनिक कसावट का अभाव साफ नज़र आ रहा। नागरिकों को मिलने वाली सेवाओ के स्तर में लगातार गिरावट आई है। अफसोस तो इस बात का है कि अभी भी नगरीय निकाय चुनाव जल्द होने के आसार नजर नहीं आ रहे। आरक्षण को लेकर दायर की गई याचिकाओं का निराकरण अभी नहीं हुआ। आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट की ग्वालियर खंड पीठ के एक निर्णय के विरुद्ध सरकार सुप्रीम कोर्ट जा चुकी है। इस साल के अंत तक भी निकाय चुनाव हो पाने की उम्मीद नहीं दिख रही। कहा तो यहां तक जा रहा कि निकाय चुनाव के लिए अगले साल न केवल मतदाता सूची नई तैयार करनी पड़ सकती है बल्कि आरक्षण भी नए सिरे से करना पड़ सकता है। ऐसा हुआ तो अगले छह महीने तक निकाय चुनाव नहीं हो पाएंगे।

### नगर परिषदों में रुके हैं विकास कार्य

जिले की तीन नगर परिषदों कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही का कार्यकाल भी जनवरी 2020 में खत्म हो गया था। यहां एस डी एम को प्रशासक नियुक्त किया गया। कोविड के दौरान चाहे यात्रा की अनुमति लेनी हो या शादी ब्याह की लोग एस डी एम के चक्कर ही लगाते रहे। कोरोना की लहर खत्म होने के बाद भी महीनों साप्ताहिक बाजारों को बंद रखा गया। कैमोर नगर परिषद में बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमिपूजन के एक साल बाद भी कोई काम शुरू नहीं हो सका। पनिहाई धाम के विकास कार्य की फाइल भी अटकी रही। कैमोर और बरही में लंबे समय तक कोई सी एम ओ नहीं रहा। इन सब बातों से नगर परिषदों के अनेक विकास कार्य आगे बढ़ ही नहीं पाए जो शुरू हुए भी उनमें अधिकारीराज की उदासीनता साफ झलके रही। ऐसे में सेवाओ और विकास कार्यों की सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। अधिकारी चाहें तो छह महीने के इस समय मे वे अपनी कार्य कुशलता और प्रसाशनिक छमता से निकायों के हालात बदल सकते हैं।

## गर्म कपड़ों की सौगात लेकर आए तिब्बती

ठंड में ऊलन वस्त्रों की नई वैरायटी लेकर तिब्बती वस्त्र विक्रेता कटनी आ चुके है। चौपाटी में इनकी दुकानें सज गई हैं।

गोसलपुर स्टेशन पर रूकी कटनी इटारसी मेमू ट्रेन।

## पैसेंजर ट्रेनों में एक्सप्रेस का किराया वसूल रहा रेलवे

### छोटे स्टेशनों में घंटों रोककर निकाला रहा मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों को

### अधिक किराया देने के बाद भी परेशान हो रहे यात्री

**कटनी।** रेलवे द्वारा कुछेक पैसेंजर ट्रेनों में एक्सप्रेस का चार्ज यात्रियों वसूल किया जा रहा है। जिसमे सतना से कटनी आकर इटारसी की ओर जाने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन भी शामिल है। गाड़ी संख्या 06626 सतना से प्रतिदिन 12 बजकर 5 मिनट पर रवाना होकर दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर कटनी आती है। इसके बाद कटनी से 06620 नंबर बनकर यह ट्रेन दोपहर 2 बजे कटनी से इटारसी की ओर रवाना होती है। सतना से कटनी और कटनी से इटारसी तक यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रूकती है। इस दौरान कई मेल, एक्सेप्रस और सुपरफास्ट ट्रेनों द्वारा इसे क्रॉस किया जाता है। जिससे मेमू ट्रेन को छोटे स्टेशनों पर रोकना पड़ता है। इस तरह यात्री एक्सप्रेस का किराया देने के बाद अपने गंतव्य में समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले करीब डेढ़ साल से ट्रेनों में अतिरिक्त किराया देकर यात्रा करने के लिए मजबूर यात्रियों को राहत देते हुए रेलवे ने कुछेक पैसेंजर ट्रेनों में जनरल टिकट पर सफर करने की छूट दी है। इससे कटनी से छोटे स्टेशनों की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिली है, लेकिन इन ट्रेनों में किराया साधारण की बजाए एक्सप्रेस का ही देना पड़ रहा है। इसमे कटनी से जबलपुर होते हुए इटारसी तक जाने वाली मेमू ट्रेन भी शामिल है। यह ट्रेन कटनी से जबलपुर और इटारसी के बीच प्रत्येक स्टेशन पर रूक रही है और इसमे किराया एक्सप्रेस की तर्ज पर लिया जा रहा है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन को जब पैसेंजर का दर्जा दिया गया है और यह सभी स्टेशनों पर रूक रही है तो फिर इसमे किराया एक्सप्रेस का क्यों लिया जा रहा है। इससे यात्रियों की जेब ढीली हो रही है।

### फिर मिलने लगे जनरल टिकट, सफर हुआ आसान

गौरतलब है कि देश भर में कोरोना के मामले घटने के साथ ही रेलवे ने यात्रियों के लिए अनारक्षित टिकट पर यात्रा करने की सुविधा को फिर से बहाल कर दिया है। अब जनरल कोचों और पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा करने के लिए रिजर्वेशन नहीं कराने की जरूरत नहीं है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के बाद यात्रियों के लिए जनरल कोच में भी रिजर्वेशन करवाना अनिवार्य था। इसकी वजह कोरोना की रफ्तार थामने के लिए भीड़ को नियंत्रित करना था लेकिन अब संक्रमण कम होने और देश भर में चले वैक्सीनेशन अभियान के बाद रेलवे ने यात्रियों के लिए यह सुविधा फिर शुरू करने का फैसला लिया था। जिसके बाद कटनी रेलवे जंक्शन से जबलपुर रीवा जबलपुर शटल, जबलुपर रीवा जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, कटनी इटारसी कटनी मेमू पैसेंजर, मुड़वारा रेलवे स्टेशन से इटारसी बीना विंध्याचल एक्सप्रेस और कटनी बीना मेमू पैसेंजर ट्रेनों में यात्री जनरल टिकट पर यात्रा का लाभ उठा रहे हैं।


अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)